Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जयपुर में पुलिस थाना सोड़ाला का उपनिरीक्षक पुलिस 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *29 मार्च, शुक्रवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर जयपुर शहर प्रथम इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **अशोक मीणा उपनिरीक्षक पुलिस, पुलिस थाना सोड़ाला, जयपुर आयुक्तालय, जयपुर** को परिवादी से **20 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जयपुर शहर प्रथम को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके विरूद्ध दर्ज मुकदमें में उसके निर्दोष होते हुये भी जबरन मुलजिम बनाने की धमकी देकर आरोपी उपनिरीक्षक पुलिस द्वारा 20 **हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रवि** के सुपरविजन में एसीबी जयपुर शहर प्रथम इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री भूपेन्द्र सिंह** के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **उप अधीक्षक पुलिस श्री नीरज गुरनानी** द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए **आरोपी अशोक मीणा उपनिरीक्षक पुलिस** को परिवादी से **20 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रवि के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**